दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 337 मुरादाबाद 09 April 2022 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## कट्टर कैदियों में नहीं आता गुरमीत राम रहीम, इसलिए दी गई पैरोल: हाई कोट



पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह पैरोल या फरलो पर रिहा होने के उद्देश्य से कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आता है। न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह की अदालत ने पटियाला निवासी एक व्यक्ति की याचिका का भी निस्तारण किया, जिसने फरवरी में गुरमीत राम रहीम सिंह को दी गई फरलो को चुनौती दी थी। अदालत ने गुरुवार को यह आदेश सुनाया। याचिका को खारिज किया गया क्योंकि गुरमीत राम रहीम सिंह पहले ही जेल लौट चुका था। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख, जो रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है, को 7 फरवरी को गुरुग्राम में अपने परिवार से मिलने के लिए तीन सप्ताह की छुट्टी दी गई थी, क्योंकि हरियाणा सरकार ने निष्कर्ष निकाला था कि वह कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आता है। फरलो जेल से दोषियों की अल्पकालिक अस्थायी रिहाई है। डेरा प्रमुख के वकीलों में से एक कनिका आहूजा ने शुक्रवार को कहा कि अदालत ने माना है कि राम रहीम कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आता है। याचिकाकर्ता परमजीत सिंह सहोली ने दलील दी थी कि राम रहीम ने एक जघन्य अपराध किया है जिसके लिए उन्हें दोषी ठहराया गया है और इसलिए उन्हें छुट्टी नहीं दी जानी चाहिए। डेरा प्रमुख के वकील ने तर्क दिया कि वह कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आते क्योंकि उन्हें हत्या के दो मामलों में आपराधिक साजिश के आरोप में दोषी ठहराया गया था। गौरतलब है कि राम रहीम सिरसा में अपने आश्रम में दो महिला शिष्यों के साथ बलात्कार के आरोप में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है, जहां डेरा का मुख्यालय है। उसे अगस्त 2017 में पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया था। पिछले साल, डेरा प्रमुख रणजीत सिंह को 2002 में डेरा प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या की साजिश रचने के लिए चार अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराया गया था। 2019 में, राम रहीम और तीन अन्य को दोषी ठहराया गया था। 2002 में एक पत्रकार की हत्या के लिए भी दोषी ठहराया गया था। उसे इन हत्याओं के लिए अपने सह-अभियुक्तों के साथ आपराधिक साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था और धारा 120-बी के साथ धारा 302 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया गया था। हत्या के दो अलग-अलग मामलों में उम्रकैद की सजा उसके बलात्कार के मामले में सजा पूरी करने के बाद शुरू होगी। राम रहीम को फरवरी में फरलो पर 21 दिनों की रिहाई के दौरान "खालिस्तान समर्थक" तत्वों से अपने जीवन के लिए "उच्च-स्तरीय खतरे" को देखते हुए जेड प्लस सुरक्षा कवर दिया गया था। छुट्टी की अवधि के दौरान, संप्रदाय प्रमुख अपने गुरुग्राम आश्रम में अपने परिवार के साथ थे, जहां उन्हें भारी सुरक्षा के बीच रखा गया था।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश- गरीबों की झोपड़ी, घर या दुकानों पर ना चले बुलडोजर



उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर, माफिया तथा भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की आड़ में गरीबों के घर तथा झोपड़ी गिराने का मामला संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया है। उन्होंने अधिकारियों से साफ कहा कि किसी गरीब का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस तथा गरीबों के प्रति संवेदनशीलता योगी सरकार का पिछले पांच साल मूलमंत्र रहा है। दूसरी पारी में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी सिद्धांत को प्रशासन में आगे बढ़ाया है। जहां एक ओर गरीब कल्याण योजनाओं को नयी तेजी से लागू करना शुरू किया वहीं दूसरी ओर अपराधियों पर लगाम कसने में कोई कसर नही छोड़ी। सरकार का प्रभाव इससे समझ में आता है कि पिछले एक पखवारे में लगभग 80 अपराधी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। माफिया और अवैध कब्जा किये लोगों में सरकार के बुल्डोजर का खौफ है। उत्तर प्रदेश में दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद भी योगी आदित्यनाथ सरकार की गैंगस्टर, माफिया तथा शातिर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इनके कई अवैध निर्माण को जमींदोज किया जा रहा है। इतना ही नहीं इनके कब्जे से सरकारी जमीन को छुड़ाकर गरीबों के लिए घर बनाने की भी योजना बनाई गई है। महानगरों में भी अब गरीबों को आशियाना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके बाद भी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अवैध निर्माण गिराने के दौरान भी नहीं पर भी किसी गरीब की झोपड़ी या फिर दुकान पर कहीं पर भी बुलडोजर नहीं चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ पेशेवर माफिया, दुर्दांत अपराधी तथा भू-माफिया की अवैध सम्पत्तियों पर ही बुलडोजर चले। इसके साथ ही प्रदेश भर में गरीबों और व्यापारी की सम्पत्ति पर कब्जा करनेवाले पर ही कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में अफसरों के साथ बैठक के दौरान उनको अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। इसी दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि किसी गरीब की झोपड़ी पर बुलडोजर नहीं चलेगा। किसी भी गरीब की दुकान पर बुलडोजर नहीं चलेगा। सभी जगह पर सिर्फ पेशेवर माफिया तथा अपराधियों के खिलाफ ही कार्रवाई हो। सभी जगह पर भू-माफिया की अवैध संपत्ति पर ही बुलडोजर चले। गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करने वालों पर हो सख्त से सख्त एक्शन हो। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा प्रयास गरीब तथा कमजोर लोगों को मुख्य धारा में लाने का है। सरकार हर स्तर पर गरीब की मदद करने के लिए खड़ी है। हम गरीबों को राशन देने के साथ उनको आवास भी देने की योजना बना चुके हैं।इसी के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अवैध संपत्तियों का बुलडोजर चला के ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई सिर्फ पेशेवर माफिया, अपराधियों पर हो, और किसी गरीब की झोपड़ी पर बुलडोजर नहीं चलेगा। प्रदेश में माफियाओ और अपराधियों द्वारा अवैध रूप से बनाई गई इमारतों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाई लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गरीब की दुकान, मकान या झोपड़ी पर बुलडोजर नहीं चलेगा, बल्कि यह सख्त कार्रवाई माफिया की अवैध संपत्ति पर की जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करने वालों पर त्वरित एक्शन लिया जाए। इस आदेश से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी कार्रवाई पर कोई शिकायत न आए।

## मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की साजिश रच रही भाजपा, मेरे पास है सबूत: संजय राउत



शिवसेना के नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राउत ने शुक्रवार को दावा किया कि गृह मंत्रालय को इस आशय संबंधी एक प्रस्तुति दी गई है। राउत ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया और पार्टी नेताओं, बिल्डर, व्यापारियों का एक समूह इस साजिश का हिस्सा है। राउत ने कहा, मुंबई को केंद्रशासित प्रदेश बनाने संबंधी प्रस्तुति (इस समूह द्वारा) गृह मंत्रालय को दी गई है। बैठकें हुई हैं और इस कार्य के लिए निधि एकत्र की जा रही है। यह पिछले दो महीने से चल रहा है और मैं पूरी जवाबदेही के साथ यह बात कर रहा हूं। मेरे पास मेरी बात साबित करने के लिए सबूत है। मुख्यमंत्री (उद्धव ठाकरे) को भी इस बारे में जानकारी है।

### मुंबई में मराठी लोगों का प्रतिशत बहुत कम है इसलिए

शिवसेना सांसद ने दावा किया कि इस बात की संभावना है कि सोमैया के नेतृत्व वाला समूह अगले कुछ महीनों में अदालत जाकर कहेगा कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मराठी लोगों का प्रतिशत बहुत कम हो गया है। इसलिए शहर को केंद्र सरकार के शासन के तहत एक केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए। राउत ने कहा कि सोमैया ने इससे पहले विद्यालयों में मराठी को अनिवार्य भाषा बनाने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी थी।

## धार्मिक स्थल का चबूतरा तोड़ने की कोशिश, लोगों ने किया हंगामा



तकी रजा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- सीबीगंज में मथुरापुर अड्डे पर खड़ौआ रोड के किनारे बने एक धार्मिक स्थल पर आज छुटक्क द्वारा कार्रवाई की गयी। चबूतरा तोड़ने पहुंचे लोग खुद को नगरनिगम कर्मी बता रहे थे। स्थानीय लोगों ने इसपर जमकर हंगामा किया और आरोप लगाया कि पास ही बने एक पेट्रोल पंप के मालिक की इस स्थान पर बुरी नज़र है वो इस जगह को अपने क़ब्ज़े में लेना चाहता है उसी के इशारे पर ये तोड़फोड़ हो रही है इस बाबत जब नगर निगम से मालूम किया गया तो वहां से कोई टीम न भेजने की बात कही। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज विश्वदेव सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम के अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंके और हंगामा कर रहे लोगों के कहने पर जेसीबी और ट्रैक्टर अवने कब्ज़े में ले लिया।

इस बीच करणी सेना के जिलाध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और जानकारी ली इसी संदर्भ में आज करणी सेना का एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिला और मामले की जांच की मांग की। नगर आयुक्त ने मामले की जांच व कार्यवाही के आदेश दे दिए हैं। पदाधिकारियों में ठाकुर राहुल सिंह, नवीन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सनी शर्मा, पप्पू कश्यप, सुधा शर्मा आदि शामिल रहे।

## कर्मचारी का उत्साह ही सर्वोपरि राष्ट्रीय महासचिव-सर्वेश पाठक

तकी रजा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-लखनऊ के होटल मिलिनिम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी प्रणित के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने अपने उद्बोधन में बताया कि कार्यक्रम उद्घोष के माध्यम से यह साबित होता है कि जब कार्यक्रम का नाम ही उद्घोष हो तो ऐसे कार्यक्रम को सफल होना स्वाभाविक है श्री पाठक ने कार्यक्रम में विषय रखते हुए कहा कि मैं धन्यवाद देना चाहूंगा स्पार्क कम्पनी को जिसकी सोच ही है श्रमिकों कामगारों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने का उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि श्रमिक सम्मान देना श्री पाठक ने बताया कि श्रमिक हमारे लिए दिन- रात पसीना बहाते हैं जिनका उत्साहवर्धन होना अति आवश्यक है कंपनी के मालिक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे यहां काम



करने कर्मचारियों को सरल तरीके से उन्हें घर भी उपलब्ध कराए जा रहे है उनकी मेहनत को देखकर पुरस्कार स्वरूप के कम से कम में उन्हें घर अथवा प्लाट उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे हमारी सोच एक उत्तम हो सके वहीं दूसरी तरफ कंपनी के दूसरे निदेशक आर पी चौधरी ने बताया की यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही था की कर्मचारियों को पुस्कार के माध्यम से प्रोत्साहन करना उन्होंने बताया कि हम समय-समय पर अपने कर्मचारी में ऊर्जा का संचार करने के लिये इस तरह के कार्यक्रम करते निरतंर रहते हैं एवं हमारी सोच हैं कि कर्मचारी भले ही हमारे साथ एक कर्मचारी के रूप में कार्य करता हूं परंतु हमारी सोच है कि वह भी अपने निजी घर में रहकर परिवार की खुशियां बांट सकें इस मौके पर मुख्य रूप से संचालन देख रहे धीरज चौहान ने बताया कि हम सभी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को अपनी निष्ठा के साथ कार्य करना उसकी सफलता के लिए प्रतिदिन प्रेरित करते हैं जिससे वे अपने आवश्यकता अनुसार अपना भरण-पोषण अथवा निजी घर में रहकर जो खुशी पा सकते हैं वह केवल स्पार्क कंपनी ही सोच सकती हैं और हमारा उद्देश्य की हमारा हर श्रमिक हर कर्मचारी अपने अपने निजी घरों में रहे तभी हमारा लक्ष्य पूर्ण हो सकता है कार्यक्रम मुख्य रूप से में रामचंद , विकास तिवारी, विकास सिंह ,बलवंत सिंह मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित सुरक्षा बल मौजूद रहे

## जिला अस्पताल में बांदा चित्रकूट सांसद आर के पटेल की अध्यक्षता में नवेली बुंदेली कार्यक्रम आयोजित हुआ

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-महिला जिला अस्पताल में आयोजित बेटी पढाओ, बेटी बचाव एवं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के तहत आज नवरात्रि पर्व के 7वे दिवस के अवसर पर ''नवेली-बुन्देली'' ''कन्या जन्मोत्सव'' कार्यक्रम माननीय सांसद चित्रकूट बांदा श्री आर0के0सिंह पटेल जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जैसा कि सभी को ज्ञात है कि इस अभियान का शुभारंभ 25 दिसंबर 2021 को जनपद के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा में हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मोत्सव के अवसर पर मनाया गया था । उसी क्रम में 39 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया था और ॐनवेली बुंदेलीॐ अनूठी पहल की शुरुआत की गई थी। जिससे यह नवजात बच्चियां आगे चलकर इच्छा अनुसार अपना लक्ष्य प्राप्त करेंगी जिसमे कुछ लोग समझते हैं कि बच्चियां बोझ होती हैं तो इस अभियान के अंतर्गत बच्चियां बोझ नहीं बनेगी बल्कि पढ़ लिख कर अपने पैरों में खड़े होकर अपने जनपद के साथ-साथ प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगी। बुलंदियों को छुएं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रही है। लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में यदि किसी के घर बेटी पैदा हो गई तो लोग बोझ मानते हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी और आदरणीय मुख्यमंत्री जी ने बहुत सारी लाभार्थी परख योजनाएं चलाई हैं बच्चियों के लिए इसी मकसद से जैसे कन्या सुमंगला योजना,जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित इत्यादि विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है जिससे हमारी नन्ही मुन्नी बेटियां एवं बहने पढ़ लिख कर देश के भाग्य विधाता बनेंगी

## थ्रेशर से कतराती करा रहे किसान की दब कर हुई मौत



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा जनपद के कमासिन थाना क्षेत्र के ग्राम तिलोसा निवासी किसान रामभजन पुत्र राम सरन बीती रात थ्रेसर से एक खेत की कतराई हो जाने के बाद दूसरे खेत में जाते समय रास्ते में गिरकर थ्रेसर में दब जाने से मोत हो गई।परिजनों ने तुरंत निकल कर स्थानि पुलिस को सूचना दी गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## अबोध बच्चों की हत्या करने वाली मां को आजीवन कारावास

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -सिरसिया के मधवापुर गांव में अपने दो अबोध बच्चों की हत्या करने वाली मां को सेशन कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय में जब सजा सुनाई जा रही थी तो हर व्यक्ति हत्यारिन मां को देख रहा था। बच्चों की हत्या के बाद महिला ने स्वयं भी आत्महत्या करने का प्रयास किया था। सिरसिया की ग्राम पंचायत मधवापुर के मजरा कोनहा निवासी प्रदीप कुमार वर्मा ने 27 मार्च, 2016 को थाने में शिकायती पत्र दिया था। पत्र में लिखा था कि उसकी पत्नी मीरा देवी अपने चार वर्षीय पुत्र अनुराग उर्फ मारुति व एक वर्षीय आर्यन के साथ कमरे में सोई हुई थी। सुबह करीब पांच बजे वह कमरे के बाहर निकला था। लौटने पर अंदर से दरवाजा बंद देखा। इस पर पत्नी को आवाज दी, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। तब वह बाहर ही बैठ गया।


## अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश चोरी की 07 मोटरसाइकिल बरामद




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मय हमराही टीम क्षेत्र भ्रमण पर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर तीन वाहन चोर 1. फरारूद्दीन उर्फ बैधू पुत्र साबितर खान साकिन चन्दनकोटिया थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती 2. इमाम खाँ पुत्र जुमई खाँ निवासी चन्दन कोटिया नासिर गंज थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती 3. आकाश नाग पुत्र माता प्रसाद नाग निवासी नासिरगंज थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ देवरनिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान 05 अदद मोटरसाइकिल अभियुक्तगणों के घर से ( कुल 07 अदद मोटरसाइकिल ) बरामद कर किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 144/2022 धारा 379 IPC व बरामदगी व मुकदमा अपराध संख्या मु0अ0सं0 0145/2022 धारा 379, 411, 413, 414, 419, 420, 467, 468, 471 IPC मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 14 बोटे सागौन के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -प्रभारी निरीक्षक रमेश थाना कोतवाली भिनगा मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम परसिया राजा से मुकदमा अपराध संख्या 119/2022 धारा 379,411 IPC , 4/10 वन संरक्षण अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त मुरली चौधरी पुत्र राम समुझ निवासी परसिया राजा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर चोरी किए गए 14 अदद सागौन के बोटे बरामद किया

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## मुरादाबाद के ग्राम जैतवाड़ा में राशन डीलर कर रहा है कार्डधारक के साथ धोखाधड़ी

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के ग्राम जैतबड़ा में प्रियंका नाम से राशन डीलर की दुकान है राशन डीलर व उसके गल्ले पर मौजूद कर्मचारी कार्ड धारकों के साथ कर रहे हैं धोखाधड़ी ग्रामीणों की शिकायत पर ,जब मीडिया आज कवरेज करने पहुंची तो ग्रामीणों ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राशन डीलर दबंग किस्म के लोग हैं और वे एक यूनिट 4 किलो गेहूं दे रहे हैं इसके साथ ही वे कोई भी समय अनुसार राशन की दुकान नहीं खोलते आज सुबह से भी राशन की दुकान बंद है राशन डीलर घर में ही राशन बांट रहा है वही लोगों ने बताया कि राशन डीलर का कोई भी किसी भी तरीके का बोर्ड भी लगा हुआ नहीं है और उनको किसी भी तरह की सूचना नहीं दी जाती नियमानुसार नहीं दिया जा रहा है राशन जिला पूर्ति अधिकारी से पूरा राशन दिलवाये जाने की मांग इसके साथ ही राशन डीलर ने कार्ड धारकों के साथ की बदतमीजी जिसके बाद गुड्डू ने इसकी शिकायत कुंदरकी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है

## राष्ट्रीय गौ रक्षक द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष में किया गया महाआरती का आयोजन



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- नवरात्रि के उपलक्ष में राम गंगा विहार स्थित शिव हरी मनोकामना मंदिर में राष्ट्रीय योगी सेना गौ रक्षक द्वारा किया गया माता रानी की महाआरती का आयोजन कर भोग लगाकर किया प्रसाद वितरण जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे राष्ट्रीय योगी सेना गौ रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चौहान ने मां के चरणों में सर को झुका कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया वही इस मौके पर मुख्य रूप से मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष महंत पंकजबाबू ,मंडल प्रभारी राजकुमार सिंह,गौरक्षक जिलाध्यक्ष विशाल शर्मा,अमित वर्मा ,जिला प्रभारी गौ रक्षक प्रदीप कपूर ,कुलदीप सिंह, सुमित वर्मा ,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मुशायरा ग्रांउड से पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिला मजिस्टेªट/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बबलू कुमार द्वारा एम0एल0सी0 चुनाव के दृष्टिगत कलेक्टेªट मुशायरा ग्रांउड से पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी, सेक्टर मजिस्टेªट एवं जोनल मजिस्टेªटों को एम0एल0सी0 चुनाव को निष्पक्ष एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, नगर मजिस्टेªट एमपी सिंह, परियोजना निदेशक, पीठासीन अधिकारी, सेक्टर मजिस्टेªट एवं जोनल मजिस्टेªट आदि उपस्थित रहें।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# शहर की सड़कों को खुली रखने तथा अतिक्रमण मुक्त बनाने पर जोर दिया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कमिश्नरी सभागार में नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, टैªफिक पुलिस एवं अन्य विभागों द्वारा नगर में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए शहर की सड़कों को खुली रखने तथा अतिक्रमण मुक्त बनाने पर जोर दिया, ताकि शहर में आवागमन की सुचारु व्यवस्था संचालित हो सके। आयुक्त ने कहा कि सड़क निर्माण कार्यदायीं संस्थाओं की रोडों का एरिया बांट दिया जाये ताकि वह अपनी रोडों की सेफ्टी सुनिश्चित करते हुए अतिक्रमण से मुक्त कर सके। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे ठेले लगाने की लाइन बनवायें ताकि रोड खाली हो और आवागमन सुविधाजनक हो, यदि लाइन के बाहर ठेला लगता पाया जाये तो चालान किया जाये। आयुक्त ने कहा कि सभी एजेंसी रोडों पर अतिक्रमण हटाने का कार्य कांठ रोड से शुरु करें। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिये कि सडकों पर कही भी कूडा नही दिखना चाहिए। शहर की तस्वीर ठीक प्रकार से दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वेण्डर जोन में कूडा डस्टविन में रहे तो कूडा उठाना आसान होगा इसलिए वहां पर डस्टविन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। ठेलों का रजिस्टेªशन किया जाये ताकि नगर निगम को उनकी पहचान रहें। उन्होंने नगर निगम को यह भी निर्देश दिये कि मोहल्लों को प्रोफाइलिंग करायें, नालों पर रखे खोखें प्लास्टिक पॉलीथीन को नाले में डालते रहते हैं इसलिए उन्हें कडी चेतावनी दी जाये यदि नाले में पॉलीथीन मिली तो दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मण्डलायुक्त ने नालों में प्लास्टिक एवं पालीथीन डालने वाले बडे दुकानदारों को चिन्हित कर सूची बनाने के निर्देश नगर निगम को दिए हैं।इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री संजय चैहान, एमडीए सचिव श्री सर्वेश कुमार गुप्ता, अपर नगर आयुक्तगण श्री अनिल कुमार सिंह एवं श्री अतुल कुमार, मुख्य अभियन्ता श्री सुनील सचान, सहायक नगर आयुक्तगण सुश्री दीपशिखा पाण्डे एवं इंदुशेखर मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता पर्यावरण श्री राजीव राठी, पी0ओ0 डूडा श्री दीपक कुमार, अधिशासी अभियन्ता निर्माण बिजेन्द पाल, एसपी टैªफिक श्री अशोक कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## कार ने तीन महिलाओं को कुचला, एक की मौत



मुरादाबाद-कमालपुरी ढकिया मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर खेत से गेहूं की कटाई कर घर लौट रही तीन महिलाओं को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। कार चालक को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे ठाकुरद्वारा ढकिया वाया कमाल पुरी मार्ग पर गेहूं काटकर खेत से घर की ओर जा रही तीन महिलाओं कमालपुरी खालसा निवासी जेहरा ( 40 ) पत्नी हबीब अहमद, लक्ष्मी ( 35 ) पत्नी नन्हे नाथ और आशा ( 32 ) पत्नी सोमपाल सिंह चौहान को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। बताते हैं कि उत्तराखंड के जनपद ऊधम सिंह नगर के थाना जसपुर के गांव कासमपुर निवासी गजेंद्र कार से अपनी ससुराल काला झंडा जा रहे थे। कमालपुरी के निकट कार अचानक अनियंत्रित हो गई और तीन महिलाओं को कुचल दिया। जेहरा की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं आशा और लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आशा की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर घंटों तक अफरा-तफरी और जाम लगा रहा।

### घेराबंदी कर दबोचा कार चालक

कमल पुरी ढकिया मार्ग से होकर ससुराल जा रहे गजेंद्र तीन महिलाओं को कुचलने के बाद खेतों की तरफ दौड़ पड़ा। ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने जेसीबी की मदद से रास्ते से कार हटवाई और कोतवाली ले गए।

### पति और बच्चों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

शुक्रवार दोपहर हादसे में जान गंवाने वाली जेहरा के चार बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके पति ट्रक चालक हबीब अहमद पत्नी को याद करे बिलख पड़ते।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश्र से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

Title Code : UPBIL05086

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# घर में घुसकर चोरी करने के मामले में प्रकाश में आया एक अभियुक्त गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थाना बागवाला पुलिस को मिली सफलता, घर में घुसकर चोरी करने के मामले में प्रकाश में आया एक अभियुक्त गिरफ्तार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बागवाला पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी की घटना में थाना बागवाला पर पंजीकृत मुअसं 25/2022 धारा 457, 380,411 भादवि0 में प्रकाश में आए एक अभियुक्त को आज दिनांक 08.04.2022 को समय करीब सुबह 08.30 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी किए गए माल को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा जनपद पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया, मामला थाना मिरहची जनपद एटा के गांव खकरई निवासी किताबश्री पुत्री मान सिंह व उसके पति अवधेश पुत्र ग्या प्रसाद निवासी नगला भरसोली थाना ढोलना जनपद कासगंज का है, दोनो ही आपसी विवाद के चलते काफी समय से अलग अलग रह रहे थे, आज दोनो को बुलाकर समझाकर फिर से साथ रहने को तैयार किया गया, दोनो को साथ साथ विदा किया गया, आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, प्रीति आमोरिया, सीमा मल्होत्रा , सचेन्द्र गुप्ता के अलावा परिवार परामर्श पुलिस स्टाफ से कांस्टेबल मिथलेश प्रेमकांती ,मीनू नी, कांस्टेबल धर्मवीर सिंह मौजूद रहे

# विकास खंड निधौलीकलां क्षेत्र के गांव नगला सैया मे निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जनपद एटा विकास खंण्ड निधौलीकलां क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राथमिक विद्यालय नगला सैया के प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई।जिसमें प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा घर घर विद्या दीप जलाओ. अपने अपने बच्चे सभी पढाओं।ग्राम समिति प्रबंधन नगला सैया निधौलीकलां एटा के सर्व शिक्षा अभियान संबंधी नारें लगाएं गए।रैली में घर घर जाकर गांव के सभी लोगों से अपील की गई कि वह अपने अपने बच्चों के नाम सरकारी स्कूल में अवश्य लिखाएं सरकार द्वारा सरकारी पुस्तकें.दो जोडी ड्रेस स्वटेर.जूता. मोजा. वैग आदि के लिए डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में पैसा भेजा जाता है।बच्चों को स्कूल में गर्म पका पकाया खाना व फल भी प्राप्त कराया जाता है। अत: सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वह अपने अपने बच्चों के नाम अवश्य स्कूल में लिखाएं।रैली में शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय. विनीता कुमारी मंजू देवीआदि लोग उपस्थित रहे है।

# पुलिस लाइन में आयोजित हुआ एकदिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपदीय पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के सौजन्य से पुलिस लाइन में आयोजित हुआ एकदिवसीय नि्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर। ? वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारीजनों हेतु वामा सारथी के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वहां उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा उनके परिवारीजनों द्वारा अपने स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण कराया गया जिसके संबंध में वहां उपस्थित जिला चिकित्सालय एटा के डॉक्टरों द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमो ग्लोबिन, यूरिक एसिड आदि का परीक्षण कर संबंधित को? निशुल्क दवाई भी? वितरित की गई। साथ ही डॉक्टरों द्वारा पुलिस की व्यस्त जीवन शैली में तनाव से बचने तथा स्वस्थ रहने हेतु निम्न सुझाव दिए गए- मल्टीटास्किंग बंद करें -



मल्टीटास्किंग का अर्थ है एक साथ कई काम करना, जैसे कम्प्युटर कर लेता है, कई लोग इसे बहुत बड़ा गुण समझते हैं लेकिन हकीकत में इसके नुकसान अधिक हैं, यह हमारी काम करने की गति को सुस्त और बाधित कर देता है, इससे काम के ज़रूरी पक्षों से ध्यान हट भी सकता है, यह तनाव बढ़ाता है, एक वक्‌त में एक ही काम करें।- ऊर्जा का क्षय रोकें - यदि आपने पहली स्टेप में बताये अनुसार तनाव उत्पन्न करनेवाले कारणों की पहचान की है तो आपने शायद ऐसे काम भी नोट किये होंगे जो आपकी ऊर्जा को सिर्फ नष्ट करते हैं, कुछ काम ऐसे होते हैं जिनमें दूसरे कामों कि अपेक्षा ज्यादा ऊर्जा और समय लगता है, उन्हें पहचानें और हटायें, जिंदगी बेहतर जीने के लिए भरपूर ऊर्जा का होना जरूरी है- सरलीकरण करें - अपनी दिनचर्या को सरल-सहज करना बहुत ज़रूरी है, अपने संकल्प, सूचना-व्यवस्था, आवास और कार्यस्थल, और जीवन में घटित हो रही बातों को सरल बनाना ज़रूरी है, इसके अच्छे परिणाम होते हैं।- कसरत करना - इसके कई लाभ हैं, शारीरिक और मानसिक स्तर पर यह बहुत प्रभावशील है, यह शरीर को फिट रखने के साथ-साथ तनाव से भी कुशलता से निपटती है, एक स्वस्थ और फिट व्यक्ति थकान और दबाव का सामना बेहतर तरीके से कर सकता है, दूसरी ओर, अस्वस्थ होना स्वयं में बहुत बड़ा घाटा है, कसरत हमें रोग और तनाव से दूर रखती है।5- अच्छा खाएं - यह कसरत करने जितना, बल्कि उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। सम्यक, संतुलित, और सात्विक आहार शरीर और मन को पुष्ट करता है। तला हुआ चटपट खाना हाजमे को ख़राब करता है और शरीर को बोझिल बनाता है जिससे तनाव होता है।इस अवसर पर विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं जनपदीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बलिया में पत्रकरों को रिहा करने के लिए कासगंज में पत्रकारों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज यूपी बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक होने के मामले में पत्रकार को साजिशन फंसाने और तीन पत्रकारों को जेल भेजने पर ऑल इंडिया रिपोर्ट्स एसोशिएसन व पत्रकारों ने नाराजगी जताई है। और कासगंज में एक बैठक करके जिलाधिकारी कासगंज को अपनी मांगों के लिए ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को कासगंज जिला मुख्यालय पर ऑल इंडिया रिपोर्ट्स एसोशिएशन की बैठक की गई। जिसमें सभी लोगों ने तीनों पत्रकारों को आरोपी बनाए जाने पर आपत्ति जताई जल्द रिहाई की मांग की गई पत्रकार सचिन उपाध्याय ने कहा कि अगर जल्द से जल्द निर्दोष पत्रकारों को रिहा नहीं किया गया पत्रकार संघ एवम एसोसिएशन इसके संबंध में आंदोलन करने पर विवश होगा । प्रदेश में पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता जाहिर की गई उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग की गई। उत्तर प्रदेश में किसी भी पत्रकार को किसी प्रकरण में कथित रूप से संलिप्त पाए जाने पर उसकी गिरफ्तारी क्षेत्राधिकारी स्तर से कराने की मांग की गई ।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को ज्ञापन सौपते समय पत्रकार ऑल इंडिया रिपोर्ट्स एसोसिएशन के महामंत्री सचिन उपाध्याय, पंकज पाराशरी,अमित तिवारी,अजेन्द्र शर्मा,संजय कुमार चौधरी, अतुल कुमार यादव, रंजीत राय, आर के वर्मा,राहुल राजपूत, उबेद अली, जयचंद ,खुर्शीद अहमद, सौरभ माहेश्वरी ,सत्यप्रकाश, शिवकुमार, राहुल दुबे सचिन दुवे, संतोष राजपूत, मनीष राजपूत, सुबोध माहेश्वरी, सजंय सिंह चौहान, अश्विन महेरे दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# लड़की के साथ दरिंदगी ,हत्या कर फाँसी का रुप दिया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - हुए जघन्य अपराध हत्याकांड थमने का नाम नही ले रहा हैं, ज्ञात हो कि नगर पंचायत जरही में छ्ठ्ठ में पड़ने वाली बच्ची घर मे अकेले 24 मार्च 2022 को रही ,तब अपराधियो ने उसका फायदा उठाकर लड़की के साथ दरिंदगी ,हत्या कर फाँसी का रुप दिए,थे,जिसका विरोध पूरे सरगुजा संभाग में है,, जगह जगह कैंडल, धरना किया जा रहा है,और फाँसी की सजा की मांग हो रही हैं सूरजपुर जिला में जनाक्रोश दिनपरदिन विकराल रूप लेते जा रहा है, जानकारी के अनुसार लगभग कई सामाजिक कार्यकर्ता, संगठन ,धरना ज्ञापन देकर विरोध कर चुके है, पर छत्तीसगढ़ सरकार इस जघन्य अपराध को अपराध नही मान रहा है, इसतरह का जनाक्रोश को देखते हुए अंदाज लगाया जाता हैं कि अगर कठोर कार्यवाही नही हुई तो ,सरगुजा संभाग,व,जिला प्रसासन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता हैं,, अब देखना है

कि सरकार क्या करता है,, कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता ,बृजमोहन सिंग,सीताराम भास्कर, मोतीलाल पैकरा,नरेंद्र साहू,अजय सोनवानी,अशोक सोनवानी,रामजीत पनिका,सन्दीप कुशवाहा,लखन कुर्रे,कल्लू सरपंच, मंत्री लाल सरपंच,अवधेश पाटिल देवनारायण पाटिल ,धरना एवम ज्ञापन में ऐसे सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे,

# जिला प्रशासन ने जारी की हेल्प लाईन नम्बर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - जिला प्रशासन ने आम जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने राजस्व, बिजली एवं पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्प लाईन नंबर जारी की हैं जिसमें राजस्व विभाग अंतर्गत भूमि पटटा, सीमांकन, बी 1, नक्सा खसरा, फावती, बंटवारा, नामांकन, जाति प्रमाण, जमीन विवादित एवं जमीन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्प लाईन नंबर 9329824956 है। बिजली विभाग के अंतर्गत बिजली की सुविधा न होना, ट्रान्सफार्मर खराब, बिजली तार खराब होना, बिजली खंभे की आवश्यकता, बिजली बिल अधिक आना, मीटर की समस्या एवं बिजली से संबंधित अन्य समस्याओं के लिए हेल्प लाईन नंबर 9302718944 है। पेयजल विभाग के अंतर्गत पानी की सुविधा न होना, सोलर पंप खराब, हैण्डपंप खराब, गंदा पानी निकलना, लाल पानी निकलना, नया पाईप, नया हैण्डपंप खनन, सोलर पंप लगवाने एवं अन्य पानी से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाईन नंबर 8450096504 है।

WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कला केन्द्र सूरजपुर के स्कूली बच्चों की शानदार प्रस्तुति

## रैम्प वाक कर पारंपरिक आदिवासी संस्कृति की बिखेरी छटा

## धार्मिक गाने से गूंजा कुदरगढ़ माता बागेश्वरी धाम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -सूरजपुर अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के धाम में कुदरगढ़ महोत्सव का दूसरे दिन स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। उन्होंने कुदरगढ़ महोत्सव के बेहतर संचालन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।जिला प्रशासन के प्रयास से छत्तीसगढ़ के प्राचीन संस्कृति को संजो कर रखने सूरजपुर में कला केंद्र की स्थापना की गई है। वर्तमान के जनरेशन को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला संस्कृति, वेशभूषा, रीति रिवाज युवाओं को जानकारी दी जा सके। आज कुदरगढ़ महोत्सव के अवसर पर पारंपारिक वेशभूषा में रैंप वॉक कर स्कूली बच्चों ने आदिवासी संस्कृति की बिखेरी छटा। कविता सिंह प्रथम, स्नेहा द्वितीय एवं सुनीता सोन्हा को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पारंपरिक वेशभूषा रैंप वॉक में 22 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाए। जिसमें प्रमुख रुप से सुमित्रा, चंद्र वती, ऋतु सिंह, शांता, हीरावती, कविता सिंह , अमृता सिंह, रवि शंकर, शिवराज, स्नेहा, आकांक्षा, प्रियंका तिर्की, सुनीता सोन्हा, अंकिता राजवाड़े, आस्था अग्रवाल, प्रियांशी सोनी, आध्या भंडारी, आस्था सोनी, प्रियंका सिंह, सृष्टि, मधु लता, अनुराग शर्मा ने शानदार प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा दिखाई।



### धार्मिक गाने से गूंजा कुदरगढ़ माता बागेश्वरी धाम

कला केंद्र के बच्चों ने कुदरगढ़ महोत्सव के अवसर पर विभिन्न धार्मिक गाने गाकर कुदरगढ़ माता बागेश्वरी धाम को भक्ति में बना दिया। सभी दर्शक एवं श्रद्धालु गण धार्मिक गाने से माता बागेश्वरी धाम को भक्तिमय बनाया। जिसमें प्रमुख रूप से एकल गायन राहुल ठाकुर,आंचल सिंह, दीप्ति सवाई, अंजली,सक्षम,ख्याति शर्मा एवं, ग्रुप नृत्य दीपक, ख्याती, एकल नृत्य ख्याति शर्मा,दीपक बर्मन विभिन्न धार्मिक गाना एवं नृत्य कर श्रोताओं का मन मोहा। कुदरगढ़ महोत्सव पर मानस मंडली प्रतियोगिता ,करमा नृत्य प्रतियोगिता , खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जय जगदंबा मानस मंडली मांजा विकासखंड रामानुजनगर ( प्रथम )पुरुस्कार राशि 50000 रुपए प्रदाय किया गया।करमा नृत्य प्रतियोगिता में कर्मा नर्तक दल पेंडरखी विकासखंड सूरजपुर, प्रथम करमा नर्तक दल के गंगोटी विकासखंड भैयाथान, द्वितीय कर्मा निर्तक दल जगतपुर विकासखंड रामानुजनगर तृतीय स्थान पर रहा।कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मोहम्मद शफी अहमद, औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, जनप्रतिनिधि गण,कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव,मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट व मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, अजय तिवारी, आशीष सिंह, राजेश तिवारी, सिद्धार्थ सिंह बघेल, शांतनु सिंह, अरुण सिंह, विजय गुर्जर, अभय विक्रम सिंह देव, संस्कार अग्रवाल शिवबालक यादव सहित काफी संख्या में ट्रस्ट के आजीवन सदस्य व सहयोगी कार्यकर्ता एव प्रशासनिक ,पुलिस विभाग के अधिकारी तथा नागरिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक उपाध्याय, कृष्ण मोहन मिश्रा ने किया।

# कवियों के हास्य व्यंग्य रचनाओं पर तालियां बजाकर झूम उठे लोग

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - कुदरगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश, प्रदेश के नामचीन कवि 'पद्मश्री सुनील जोगी, दिनेश रघुवंशी,दिनेश दीगज,अंकिता सिंह, अमन अक्षर,गजेंद्र प्रियांशु,बलजीत कौर,पद्मलोचन मुंहफट,श्याम कश्यप बेचौन के मां बागेश्वरी धाम में विभिन्न हास्य व्यंग्य कविताओं , रचनाओं को सुनकर झूम उठे दर्शक एवं श्रोता गण। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां हुई। गीत, हास्य व्यंग्य, शायरी सुनकर श्रोता गण तालियां बजाकर झूम उठे। कवियों ने शायरी पढ़कर सभी को प्रेम प्यार में डुबो दिया।पद्मश्री सुनील जोगी ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया,छत्तीसगढ़ की संस्कृति, धार्मिक रीति रिवाज आस्था पर अधारित माता कुदरगढ़ी, बमलेश्वरी, माता खल्लारी, मैनपाट, गहिरा गुरु, महानदी शिवनाथ, गुंडाधुर बारसूर के स्वयं द्वारा रचित गाना गाकर सुनाया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम,संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े,श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मोहम्मद शफी अहमद, औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष बाल कृष्णा पाठक, जनप्रतिनिधि गण,कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव,मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट व मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में श्रोताओं ने कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

www.knlslive.com

आपका
लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
छत्तीसगढ़ राज्य और सभी राज्यों और जिला व सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें-
9027776991

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कंट्रोल रूम में की गई आयोजित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

आगामी पर्व त्योहारों नवरात्रि, रामनवमी, अंबेडकर जयंती, गुड फ्राइडे, ईस्टर ,रमजान ,हनुमान जयंती , महावीर जयंती, को शांतिपूर्ण मनाने हेतु लिया गया निर्णय आने वाले दिनों में रामनवमी, ईद उल फितर, गुड फ्राइडे, महावीर जयंती, अंबेडकर जयंती, हनुमान जयंती, गुरु तेग बहादुर जयंती सहित विभिन्न धर्म समाज के अनुयायियों द्वारा पर्व का आयोजन किया जाना है। जिसे लेकर प्रशासन गंभीर है जिसको देखते हुए जिला *पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* एवं *कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी* के निर्देश पर आज पुलिस नियंत्रण कक्ष में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रमुखों की शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी धर्म समाज के प्रमुखों से तीज त्योहारों में उनके कार्यक्रमों की रूपरेखा लेकर विस्तृत चर्चा की गई। रामनवमी के जुलूस जवारा विसर्जन, हनुमान जयंती, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, ईद उल फितर सभी धर्म के लोग किस तरह से आयोजित करेंगे इस पर उनके विचार लिए गए।




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा ने सभी सामाजिक जनों को त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से व्यवस्थित मनाए इसकी रूपरेखा पहले अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से अनुमति लेकर पुलिस को सूचना अवश्य दें। कार्यक्रम में कितने लोग शामिल होंगे उन का रूट चार्ट क्या होगा, इस पर भी उपस्थित प्रबुद्ध जनों से चर्चा की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि पारंपरिक अंदाज से रैली जुलूस का आयोजन किया जाए बहुत जरूरी नहीं है कि ध्वनि विस्तारक यंत्र डीजे का उपयोग किया जाए छात्र छात्राओं के बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं जिसे ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग ना ही करें तो ज्यादा बेहतर होगा फिर भी अगर प्रशासन से अनुमति के बाद अगर इसका उपयोग करते हैं तो उसके आवाज को नियंत्रित करें। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर ने कहा कि पुलिस की उपस्थिति सभी कार्यक्रमों में रहेगी परंतु भीड़ का नियंत्रण समाज का प्रमुख व्यक्ति अपने वॉलिंटियर्स पहले से निश्चित कर ले उसके नाम नंबर सूची पुलिस प्रशासन को दे दें ताकि कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से मनाया जा सके।उक्त बैठक में सभी समाज के प्रमुख व्यक्ति , निर्वाचित जनप्रतिनिधिगणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने विचार रखें, थाना प्रभारी गौरेला निरीक्षक युवराज तिवारी रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैकरा डीएसबी प्रभारी एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित थे।

# मनरेगा महासंघ दो सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार पचवेदिन हड़ताल पर

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मनरेगा महासंघ की हड़ताल की दो सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार पांचवा दिन भी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में डटी हुई है। आज मनरेगा कर्मियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए और अपना समर्थन देने के लिए कांग्रेस के पदाधिकारी और सरपंच संघ सामने आए है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर अजीत सिंह श्याम जी ने मंच पर मनरेगा कर्मियों की मांग का समर्थन किया गया और सरकार तक उनके घोषणापत्र में किये गए वादे को याद दिलाने को कहा गया है। श्री मनोज गुप्ता जी( जिलाध्यक्ष- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ) द्वारा अपना समर्थन मनरेगा कर्मियों को देते हुए कहा गया कि सरकार अपने किये गए घोषणाओ में कार्य कर रही है और अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने के लिए प्रयासरत है।उनके द्वारा कहा गया कि मनरेगा योजना का क्रियान्वयन तात्कालीन प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह जी द्वारा किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जी की मनसा साफ है कि उनके द्वारा की गई घोषणा पूरी की जाएगी और



विश्वास दिलाया है कि सरकार इनकी मांगे पूरी करेगी और सरकार तक संघ की बाते पहुंच चुकी है। वही जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरेला श्रीमती ममता पैकरा जी ने भी अपना समर्थन देते हुए कहा कि सरकार ने अपने घोषणापत्र में 36 घोषणाओ में 26 घोषणाओ को पूरा किया है और नियमितीकरण के लिए की गई घोषणा को पूरा होने का आश्वाशन देते हुए सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का वादा भी किया गया है। सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री रामरतन पेन्द्रों जी ने सभी सरपंचो की तरफ से अनिश्चितकालीन हड़ताल का समर्थन देते हुए कहा है कि जब तक मनरेगा कर्मियों करे मांग पूरी नही होती है, तब तक मनरेगा के कार्य चालू नही करेंगे। और सरकार तक अपनी मांग पहुंचाएंगे। श्री ज्ञानेंद्र उपाध्याय( वरिष्ठ कांग्रेस प्रभारी ) जी ने भी हड़ताल का समर्थन देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी धीरे धीरे कर्मचारियों को सौगात दी रहे है, उनके द्वारा पुरानी पेंशन चालू किया है, वैसे ही उनके मनसा में अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाना है, और पूरे कांग्रेस परिवार की तरफ से आश्वाशन दिया है कि वे मनरेगा महासंघ के साथ है और संघ की बात सरकार तक पहुंचेगी। श्रीमती आशा बबलू मरावी, जनपद पंचायत पेंड्रा द्वारा जनपद प्रतिनिधियों की तरफ से मनरेगा महासंघ की मांगों का समर्थन दिया है और कहा गया है कि सरकार को सिविल सेवा सधिनियं 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू की जावे। अजीत सिंह श्याम, सरपंच ग्राम पंचायत लटकोनी कला द्वारा कहा गया कि जैसे सरकार मजदूरों के हित में ध्यान रखकर मजदूरी दर में वृद्धि करती है, वैसे ही मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सभी मनरेगाकर्मियों के हित के बारे में ध्यान रखते हुए उन्हें नियमित किया जाए, जिससे इनका भविष्य सुरक्षित हो सके। श्री बाला प्रसाद कश्यप( साँसद प्रतिनिधि ) द्वारा भी समर्थन देते हुए कहा गया कि सरकार द्वारा अपनी घोषणाओ को पूरा करने मर अनवरत प्रयास किया जा रहा है और लगभग मांग पूरी की जा रही है। मीडिया प्रभारी श्री घनश्याम ठाकुर जी द्वारा महासंघ के समर्थन में कहा गया कि वो मनरेगा कर्मियों की कड़ी मेहनत की सराहना करता हूँ और इस हड़ताल का पूर्ण रूप से समर्थन करते हुए सरकार तक संदेश पहुँचाने का वायदा किया गया।मनरेगा महासंघ के समर्थन में संगीता करसायल( जिला पंचायत सदस्य ),जानकी सर्राती( जिला पंचायत सदस्य ),प्रताप मरावी( जनपद अध्यक्ष मरवाही ), बेचूराम अहिरेश( ब्लाक अध्यक्ष मरवाही ),भंवर सिंह पोर्ते( जनपद सदस्य ),जयराम सिंह पैकरा( जनपद सदस्य ),मनरमन पैकरा( जनपद सदस्य ),रमेश वाकरे( जनपद सदस्य ), नवल लहरे ( जनपद सदस्य ), मनीष केशरी( अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ), सविता राठौर( उपाध्यक्ष जनपद गौरेला ), बलदेव वाकरे( सरपंच ), तेजकुंवर ( सरपंच ), तेजकुंवर ( सरपंच ), चंदप्रीतम( सरपंच ), बृजभान( सरपंच ), प्रदीप पैकरा( सरपंच ), राजमती भानू( सरपंच ), अंजना कोर्राम( सरपंच ) और सरपंच गण उपस्थित रहे।

# हादसे में वृद्ध महिला फूलमती के घायल हो जाने से गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- हादसे में वृद्ध महिला फूलमती के घायल हो जाने से गुस्साए परिजनों ने जाम लगा दिया। थाना जहानगंज के ग्राम विजयी नगला निवासी नेकराम की 60 वर्ष की पत्नी फूलमती ने जहानगंज स्थित ग्रामीण बैंक के खाते से रुपए निकाले। फूलमती पैदल कस्बे से घर जा रही थी पीछे से आए डंपर चालक ने महिला को टक्कर मार दी। फूलमती सड़क पर जा गिरी तभी डंपर का महिला के पैरों के ऊपर से निकल गया जिससे महिला के दोनों पंजे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा होते ही भयभीत चालक डंपर पर छोड़ कर भाग गया। गंभीर घायल महिला को तुरंत ही एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा गया वहां से फूलमती को सैफई हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही महिला के परिजन घटनास्थल पहुंचे जिन्होंने सड़क पर तख्त डालकर व साइकिलें खड़ी कर जाम लगा दिया। गांव वाले जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। थानाध्यक्ष देवेश कुमार ने कार्यवाही करने का वादा कर जाम खुलवाने का प्रयास किया।

WWW.KNLSIVE.COM

# 33 लाख ग्रामीण महिलाओं को लेकर योगी सरकार का बड़ा प्लान, खाते में 1500 करोड़ रुपये भेजने की तैयारी



यूपी सरकार इस वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों की 33 लाख से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ेगी। इसके लिए 3.30 लाख समूहों के खाते में 1500 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय समूहों को आजीविका की गतिविधियों से जोड़ने के लिए 1300 नये उत्पादक समूहों का गठन करने की तैयारी भी है। शासन के सूत्रों के मुताबिक, ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 2022-23 का लक्ष्य तय कर दिया है। इस वर्ष 3.30 स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड और सामाजिक निवेश फंड ( सीआईएफ ) के तहत 1500 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इस धनराशि से समूहों से जुड़ी ग्रामीण दीदियां रोजगार से जुड़ेंगी। प्रति समूह में महिलाओं की संख्या 10 से 14 तक होती है। इस लिहाज से दी जाने वाली धनराशि का लाभ सीधे तौर पर 33 लाख से अधिक महिलाओं को होगा। वर्ष 2022-23 में 2.20 लाख समूहों को रिवाल्विंग फंड और 1.19 लाख समूहों को सामुदायिक निवेश फंड देने का लक्ष्य है।

## 2.86 लाख नए समूहों का गठन भी होगा इस साल

उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक भानुचंद्र गोस्वामी ने शुक्रवार को बताया कि इस वित्तीय वर्ष में दो लाख 868 नए स्वयं सहायता समूहों के गठन का लक्ष्य तय कर काम शुरू किया गया है। इन नए समूहों के गठन से सीधे तौर पर 21 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ेंगी। समूहों से जुड़ने वाली महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम युद्धस्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नए समूहों के गठन और अन्य गति?विधियों की विस्तृत कार्ययोजना बनाते हुए बजट के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि आजीविका मिशन ने इस वर्ष 600 ग्राम संगठनों को कृषि को बढ़ावा देने के लिए उपकरण भी दिए जाने का लक्ष्य तय किया है। बैंकिंग सखी का काम कर रही समूहों की दीदियों द्वारा 2400 करोड़ रुपये वित्तीय लेन देन किया जाएगा।

## 2021-22 में 1.43 लाख समूहों का गठन हुआ राज्य में

31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 में एक लाख 43 हजार 470 स्वयं सहायता समूहों का गठन राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। इस वर्ष दो लाख आठ हजार नये समूहों के गठन का लक्ष्य सरकार ने तय किया था। चुनावी वर्ष होने के कारण लक्ष्य तो पूरा नहीं किया जा सका।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# हिजबुल्लाह या इस्लामिक स्टेट का मेंबर हो सकता है गोरखनाथ मंदिर का हमलावर: पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल



गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने की कोशिश करने वाला अहमद मुर्तजा अब्बासी आतंकी संगठन हिजबुल्लाह या फिर इस्लामिक स्टेट का सदस्य हो सकता है। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अभय कृष्ण ने यह आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह अहमद मुर्तजा अब्बासी ने चाकू से गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला किया था, वह मध्य पूर्व के आतंकी संगठनों का तरीका है। उन्होंने कहा कि इजरायल में इस तरह के हमले हमास जैसे आतंकी संगठन अकसर अंजाम देने की कोशिश करते रहे हैं। ऐसे हमलों में एक से दो लोग ही घटना को अंजाम देते हैं। भारतीय सेना की दक्षिण-पश्चिम, पूर्वी और सेंट्रल कमांड्स के कमांडिंग चीफ रह चुके अभय कृष्ण ने कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि मुर्तजा मध्य पूर्व के किसी आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि भविष्य में आतंकी संगठन ऐसे ट्रेंड को फॉलो कर सकते हैं। इंडिया टुडे से बातचीत में अभय कृष्ण ने कहा, %इस बात की संभावना है कि उसे ऑनलाइन रैडिकलाइज किया गया हो। जैसे इस्लामिक स्टेट या फिर हिजबुल्लाह की ओर से उसकी डिजिटल रिक्रूटमेंट कराई गई हो।% उन्होंने कहा कि इन आतंकी संगठनों के लिए मुर्तजा एक आसान टारगेट हो सकता है।

## भविष्य में भी हो सकते हैं ऐसे आतंकी हमले

उन्होंने कहा कि ये आतंकी संगठन आजकल दहशतगर्दों की ऑनलाइन भर्ती करते हैं और उन्हें वर्चुअल प्लॉटर जैसा नाम दिया जाता है। उन्हें ऑनलाइन ही ट्रेनिंग दी जाती है, उकसाया जाता है और फंडिंग तक की जाती है। उन्होंने कहा कि इस बात की भी संभावना है कि आतंकी संगठनों ने कुछ और लोगों को ऑनलाइन ही प्रभावित किया हो। भविष्य में इसी तरह से वे कुछ और ठिकानों पर हमले की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे ही हमले हिजबुल्लाह भी इजरायल के ऊपर करता रहा है। अब तक सामने आईं रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी मुर्तजा प्रतिबंधित मजहबी प्रचारक जाकिर नाईक के भाषणों से प्रभावित रहा है। इसके अलावा मुर्तजा के इस्लामिक स्टेट से लिंक भी बताए जा रहे हैं।